देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 158 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 27 जुलाई 2019

विचार-प्रवाह...घड़ी
आंसू न बहाएं इमरान





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

37882.79

2 बार्डर पर करने की भीख मांगती रही मां

7 धौनी का सेना के साथ रहने का फैसला

# मोदी सरकार 2.0 के 50 दिनों का रिपोर्ट कार्ड

◆बीजेपी कार्यकारी चीफ जेपी नड्डा ने गिनाई उपलब्धियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 50 दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया है। बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि अब तक हम 100 दिनों की अपनी प्रोग्रेस रिपोर्ट रखते थे, लेकिन पीएम मोदी ने 50 दिनों में ही अपनी सरकार के कामों की जानकारी देने का फैसला लिया है।

उन्होंने मोदी सरकार को किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि हमने देश को 5 ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लक्ष्य के साथ विकास की राह पर चलने का फैसला लिया है। बीते 50 दिनों में हमने कमजोर वर्गों का ख्याल रखा है। जेपी नड्डा ने ग्रामीण भारत के हर गांव और घर में 2024 तक स्वच्छ पेयजल की योजना को क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि गांव में मौजूद लोग जानते हैं कि स्वच्छ जल उनके लिए कितना महत्वपूर्ण हैं। देश के सभी गांवों और घरों में स्वच्छ जल की व्यवस्था के दूरगामी प्रभावों को समझने की जरूरत है।



1 करोड़ 95 लाख घरों तक बिजली, पानी, शौचालय

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 1.25 लाख किलोमीटर सड़कों को अपग्रेड किया जाएगा। गांवों को बाजारों से जोड़ने पर फोकस किया जाएगा। यह ग्रामीण इकॉनमी को मजबूत करने वाला फैसला है। जेपी नड्डा ने सरकार की कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 2022 तक 1 करोड़ 95 लाख घरों तक गैस, शौचालय और जल की उपलब्धता का वादा है।

# चौथी बार सीएम बने येदियुरप्पा

## कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री के रूप में बीजेपी नेता ने ली शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष बी एस येदियुरप्पा चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बन गए हैं। मंगलवार को एच डी कुमारस्वामी की सरकार गिरने के दो दिन बाद ही राज्यपाल वजुभाई ने शुक्रवार को येदियुरप्पा को कर्नाटक के 25वें सीएम के रूप में शपथ दिलाई। सरकार बनाने के बाद उन्हें 31 जुलाई तक सदन में बहुमत साबित करना होगा। बताते चलें कि कर्नाटक विधानसभा के सदस्यों की संख्या अभी 222 है और 14 विधायकों के इस्तीफे पर स्पीकर को फैसला लेना है। येदियुरप्पा को सदन में सभी सदस्यों के उपस्थित होने और वोट करने की स्थिति में 112 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे में जरूरी है कि बागी विधायक येदियुरप्पा की सरकार के समर्थन में या तो



वोट डालें या फिर सदन की कार्यवाही में हिस्सा ना लें। ऐसे में सदन का संख्याबल कम हो जाएगा और येदियुरप्पा सदन में बहुमत साबित कर लेंगे।

पिछले साल विस चुनाव के नतीजों के बाद येदियुरप्पा सिर्फ दो दिन के मुख्यमंत्री बने थे। पिछले साल मई महीने में आए नतीजों के बाद बीजेपी 104 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। बीएस येदियुरप्पा ने 17 मई 2018 को सीएम पद की शपथ ली और दावा किया कि उनके पास बहुमत का आंकड़ा है। मगर 19 मई को बहुमत परीक्षण से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया।

### शपथ

■31 जुलाई तक सदन में बहुमत करना होगा साबित

### 15 साल की उम्र में थामा आरएसएस का हाथ

75 वर्षीय बूकानाकेरे सिद्धलिंगप्पा येदियुरप्पा महज 15 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हुए थे। जनसंघ से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर वह अपने गृहनगर शिमोगा जिले के शिकारीपुरा में बीजेपी के अगुवा रहे। 1970 के दशक की शुरुआत में वह शिकारीपुरा तालुक से जनसंघ प्रमुख बने। वर्तमान में शिमोगा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे येदियुरप्पा 1983 में इस सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे। फिर इस सीट का उन्होंने पांच बार प्रतिनिधित्व किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 दलों की चिट्ठी, जल्दबाजी में हो रहे बिल पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। विपक्षी दलों ने सरकार पर जल्दबाजी में विधेयकों को पास कराने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू को खत लिखा है। कांग्रेस, एसपी, टीएमसी, बीएसपी, आरजेडी, टीडीपी, सीपीएम और सीपीआई समेत 17 राजनीतिक दलों ने राज्यसभा सभापति से खत में गुजारिश की है कि वह यह सुनिश्चित करें कि विपक्ष की आवाज का गला न घोंटा जाए। विपक्षी दलों ने संसद में बिलों को बिना किसी जांच-परख के जल्दबाजी में पास कराने पर चिंता जताते हुए इसे स्थापित संसदीय परंपराओं के खिलाफ बताया।

### एक हफ्ते के लिए बढ़ी मंसूर अली की कस्टडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। आईएमए पोंजी स्कैम के मुख्य आरोपी मंसूर अली की ईडी को दी गई कस्टडी एक हफ्ते के लिए बढ़ा दी गई है। इसके अलावा बेंगलुरु के डेप्युटी कमिश्नर विजय शंकर और असिस्टेंट कमिश्नर नागराज समेत कुल तीन लोगों को जमानत मिल गई है। वहीं, हनीफ अफसर की जमानत याचिका खारिज हो गई है।

# अफगानिस्तान के लिए जान गंवाई

अपना भविष्य चुनने का अधिकार हो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि जो लोग अफगानिस्तान को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि अमेरिकियों ने अफगानिस्तान की सुरक्षा के लिए अपनी जान गंवाई है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकियों ने अफगानिस्तान के बेहतर भविष्य के लिए कुर्बानी दी। ओर्टागस ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं अफगानिस्तानी लोगों को याद दिलाना चाहती हूं कि लाखों अमेरिकियों, हमारे नाटो और यूरोपीय सहयोगियों ने अफगानिस्तान में लड़ते हुए जान गंवाई ताकि वहां लोगों के पास अपना भविष्य चुनने का अधिकार हो।' अफगानिस्तान के भविष्य के लिए अमेरिका ने न सिर्फ आर्थिक सहायता दी बल्कि अपनी सेवाएं भी दी।

## चुनाव बहिष्कार का उमर ने किया विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव पर बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि अगर चुनावों का बहिष्कार होता है तो बीजेपी त्राल विधानसभा चुनाव जीत सकती है। इससे पहले लोगों द्वारा चुनाव बहिष्कार के फैसले का नैशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी विरोध किया है। नड्डा ने उमर अब्दुल्ला की पार्टी नैशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे लोग देश से ज्यादा अपनी राजनीति को लेकर चिंतित हैं। वहीं, उमर अब्दुल्ला ने भी बदले सुर के साथ चुनाव बहिष्कार का विरोध करते हुए ऐसा करना खतरनाक बताया है। उमर ने कहा कि इस तरह के फैसले से वही होगा जैसा कि लोकसभा चुनाव में हुआ।

# अब 61 हस्तियों ने जारी किया खुला पत्र

## कलाकारों और बुद्धिजीवियों को देश का स्वयंभू गार्जियन करार देते हुए तंज कसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न क्षेत्रों की 49 हस्तियों की ओर से मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए लिखे गए पत्र के जवाब में अब 61 सेलिब्रिटीज ने खुला पत्र जारी किया है। इन हस्तियों ने पीएम को लिखे गए पत्र को सिलेक्टिव गुस्सा और गलत नैरेटिव सेट करने की कोशिश करने वाला बताया है।

खुला पत्र लिखने वाली हस्तियों में अभिनेत्री कंगना रनौत, लेखक प्रसून जोशी, क्लासिकल डांसर और सांसद सोनल मानसिंह, मोहन वीणा के वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट और फिल्म

### खुले खत से जवाबः विरोध को बताया सिलेक्टिव गुस्सा

निर्माता मधुर भंडारकर एवं विवेक अग्निहोत्री शामिल हैं।

इस खुले पत्र में पीएम मोदी को लेटर लिखने वाले 49 कलाकारों और बुद्धिजीवियों को देश का स्वयंभू गार्जियन करार देते हुए तंज कसा गया है। यही नहीं उनके पत्र लिखने की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि उसका उद्देश्य राजनीतिक है। इन हस्तियों ने पीएम को पत्र लिखने वालों पर सवाल उठाते हुए कहा कि नक्सली हमलों में

### ये दिग्गज हस्तियां हैं खुला पत्र लिखने वालों में

49 हस्तियों के खिलाफ खुला पत्र लिखने वाले लोगों में कंगना रनौत, सोनल मानसिंह, प्रसून जोशी के अलावा स्वप्न दास गुप्ता, अशोक पंडित, मधुर भंडारकर, विवेक अग्निहोत्री, पल्लवी जोशी, मालिनी अवस्थी, मनोज जोशी, प्रोफेसर मनोज दीक्षित, संध्या जैन, डॉ. विक्रम संपत, प्रतिभा प्रहलाद जैसे लेखक, पत्रकार, लोक कलाकार और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग शामिल हैं।

आदिवासियों और गरीबों के मारे जाने पर ये लोग चुप थे।

पीएम को पत्र लिखने वाली 49 हस्तियों पर बरसते हुए 61 सेलिब्रिटीज ने कहा है कि कश्मीर में जब अलगाववादियों ने स्कूल बंद करा दिए, तब आखिर ये लोग कहां थे। इसके साथ ही जेएनयू में नारेबाजी प्रकरण को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा गया है कि आखिर इन लोगों ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने के नारों पर अपनी बात क्यों नहीं रखी थी।

# अमर्यादित बोल पर फंसे आजम खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा की पीठासीन स्पीकर रमा देवी पर अमर्यादित टिप्पणी कर आजम खान बुरी तरह घिर गए हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आजम खान को अपने बयान पर सदन में बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक के बाद स्पीकर इस नतीजे पर पहुंचे कि एसपी

### रमा देवी से मांगनी होगी माफी, नहीं तो होगी कार्रवाई

सांसद आजम खान को बीजेपी सांसद रमा देवी से सदन में माफी मांगनी चाहिए वरना उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने बताया कि सांसद आजम खान को सदन में अपने बयान के लिए माफी मांगने को कहेंगे। इस मुद्दे पर स्पीकर ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की और तय हुआ कि आजम खान को माफी मांगनी चाहिए वरना उन पर कार्रवाई होगी।

जोशी ने बताया, स्पीकर आजम खान से रमा देवी पर दिए उनके बयान के लिए सदन में बिना शर्त माफी मांगने को कहेंगे। अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो स्पीकर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकृत हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in